सरकार के ध्यान में आई है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है क्योंकि सीलमपुर कालोनी के झुग्गी निवासियों के पुनर्वास के लिये दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा कोई विशेष योजना नहीं बनाई गई है।

(ग) प्रश्न ही नही उठता।

Functioning of BALCO

771. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state.

(a) whether it is a fact that the Public sector undertaking Bharat Aluminium Company (BALCO) has been incurring losses worth lakhs of rupees every year due to agitation by the local people of the Sambh'alpur;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what steps* are being contemplated by Government to normalise the functioning of the BALCO?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF MINES IN THE MINISTRY OF STEEL AND MINES (SHRIMATI -RAM DULARI SINHA): (a) to (c) The work On- Gandhamardan Bauxite Project of Bharat Aluminium Company _ Ltd. (BALCO) in Orissa has been slOwed down considerably since December, 1985 due to "fee agitation by the local people apprehending damage to the forests, temples and ecology of the area as a result of bauxite mining. Due to the stoppage of work BALCO has been incurring unremunerative expenditure of about Rs. 3 lakhs per month. by way of wages, etc. The matter is receiving attention of the Government at a high level in order to resolve the issue

दिल्ली में झुग्गी वासियों को भूमि का आवंटन

772. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वर्ष के दौरान दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ियों में रहने वाले उन लोगों को, जो कि तीन वर्षों से अधिक समय से लगातार वहां रह रहे हैं, मकान या प्लाट उपलब्ध कराने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है और उन्हें मकान या प्लाट कब तक उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) झुग्गी झोंपडी निवासियों को मकानों/प्लाटों के आवंटन के लिए फिलहाल कोई योजना नही है परन्तु अनधिवासियों सहित समाज के निम्न स्तर/आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों को विकसित प्लाटों के प्रावधान हेतु एक योजना बनाई जा रही है। ज्यों ही यह योजना प्रवृत्त कर दी जाएगी, झुग्गी निवासी उस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

विधवाओं और गरीब व्यक्तियों को मकानों या प्लाटों का आवंटन

773. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने हाल ही में उन विधवाओं और गरीब व्यक्तियों को, जिनकी मासिक आय 750 रुपये से कम है, दिल्ली में 21 वर्ग मीटर के प्लाट पर निर्मित मकानों के आवंटित किए जाने की एक योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस योजना को देश के सभी राज्यों में भी कार्यान्वित करने पर विचार कर रही है,